राजस्थान सरकार
स्वायत्त शासन विभाग, राजस्थान

(जी-3 राजमहल रेजीडेन्सी,सी-स्कीम, सिविल लाइन फाटक के पास, जयपुर-16)

क्रमांकः मॉ.प्र./डीएलबी/कोरोना/जन आन्दोलन/2020/23262-32 जयपुर दिनांकः- 08/10/2020

उपनिदेशक(क्षैत्रिय),
स्थानीय निकाय विभाग,
समस्त राजस्थान।

विषयः- कोरोना के विरुद्व जनआन्दोलन अभियान की प्रतिदिन की प्रगति रिपोर्ट के सम्बन्ध में।
संदर्भः-निदेशालय के पत्र क F-15(ग)/PD/DlB/Day-Nulm/SM&ID/16/part/7757-7953 दिनांक 06.10.2020।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत संदर्भित पत्र के द्वारा आपको निर्देशित किया गया था कि राज्य सरकार द्वारा **''कोरोना महामारी के विरुद्व जन आन्दोलन अभियान''** के अन्तर्गत आमजन को जागरुक किये जाने हेतु नगरीय निकायों द्वारा सघन अभियान चलाया जाकर ''नो मास्क नो एन्ट्री'' की थीम पर फेस मास्क वितरण, जिंगल द्वारा वाहनो के माध्यम से प्रचार-प्रसार, जन जागरुकता रैलियाँ एवं स्टीगर इत्यादि द्वारा प्रचार-प्रसार किया जाना था। किन्तु नगरीय निकायों से गूगल ड्राईव पर प्राप्त दैनिक रिपोर्ट के अवलोकन से यह ध्यान में लाया गया हैं कि निकायों द्वारा दैनिक प्रगति रिपोर्ट प्रतिदिन सांय 05 बजे तक अपलोड नही की जाकर विलम्ब से अपलोड की जा रही है जिससे संकलित सूचना उच्च स्तर पर भिजवानें में काफी विलम्ब हो रहा है साथ ही यह भी पाया गया है कि कुछ नगरीय निकायों द्वारा जनआन्दोलन अभियान के प्रचार प्रसार हेतु की जाने वाली कार्यवाही काफी न्यूनतम है। अतः इस आन्दोलन का सुपरविजन करने तथा सघन अभियान के लिये अपेक्षित कार्यवाही आपके क्षेत्र की नगरीय निकायों से दैनिक कियान्विती हेतु आपकों सम्भागीय स्तर के लिये नियुक्त किया जाता है साथ ही निर्देशित किया जाता है कि इस अभियान को सघन गति देने की कार्यवाही तथा नगरीय निकायों की दैनिक प्रगति रिपोर्ट गूगल ड्राईव(जन आन्दोलन अभियान) पर अपलोड करवाना सुनिश्चित करें एवं प्रतिदिन की प्रगति रिपोर्ट निर्धारित प्रपत्र में निदेशालय को भिजवाया जाना भी सुनिश्चित करें। नगरीय निकायों को अपने स्तर पर उक्त कार्यवाही हेतु पाबन्द करें।

(दीपक नन्दी)
निदेशक एवं विशिष्ठ सचिव

Scanned with CamScanner